4	फलवर्ग	कपित्थ, जम्बु, आमलकी, एला, तिन्दुक, विभितकी, हरीतकी, पीलू, मरीच, बिम्बी, पिप्पली, जम्बीर, कच्चे बिल्व फल, वृक्षाम्ल, पकी ईमली, सूखा बेर।
5	द्रव वर्ग	मधु, तक्र, मस्तु, कांजी, अरिष्ट, सुरासव, मध्वासव, जीर्णमद, अपक्व रस शीधु, तिल तैल, सर्षप तैल, एरण्ड तैल, नीम तैल, करंज तैल, अलसी तैल, विडंग तैल, मधूदक।
6	मांसवर्ग	रोहित मत्स्य।

♦ आसन– धनुरासन, सूर्यनमस्कार, मत्स्येन्द्रासन, सर्वांगासन

♦ प्राणायाम– अनुलोम–विलोम, कपाल–भॉति

Sources of HDL - High density lipoprotein शरीर के लिए अत्यंत उपयोगी एवं आवश्यक वसा तत्व है जो बढ़े हुए LDL के प्रभाव को कम करता है।

♦ Olive oil

♦ Beans & legumes

♦ Whole grains

♦ High-fiber fruit like-apples, pears

♦ Fatty fish like-salmon, mackerel, albacore tuna, sardines, rainbow trout etc.

♦ Flax seeds

♦ Nuts like Brazil nuts, almonds, pistachios, peanuts etc.

♦ Chia seeds

♦ Avocado

♦ Soya based products

♦ Moderate amount of alcohol.

Sources of Mono unsaturated fat- यह असंतृप्त वसा का एक प्रकार है जो रक्त में Total Cholesterol को कम करने में मदद करता है।

♦ Olive oil

♦ Canola oil

♦ Peanut Oil

♦ Sesame Oil

♦ Safflower Oil

♦ Avocados

Sources of Polyunsaturated Fat-

Mono unsaturated fats भी रक्त में Total Cholesterol को कम करने में मदद करता है।

♦ मकई तैल

♦ मूंगफली तैल

♦ कुसुम तैल

♦ सोयाबीन तैल

♦ सूर्यमुखी तैल

♦ जैतून तैल

रक्तगत मेद में अपथ्य

आहारज अपथ्य –

♦ देर से पचने वाले भोज्य पदार्थ जैसे – पूड़ी, पराठा, समोसा, आलू बड़ा, कचौड़ी, भजिया, उड़ददाल के बड़े।

♦ क्रीम, गाढ़ा मलाई युक्त दूध।

♦ चीज

♦ आइसक्रीम

♦ खोवा

♦ मैदे से बनी मिठाईयॉ

♦ ब्रेड

♦ पिज्जा

♦ सैंडविच

♦ चिप्स

♦ पैक्ड सूप (जिनमें लो सोडियम का लेबल न लगा हो)

♦ मंदक दधि

♦ फास्ट फूड

♦ रिफाईन्ड तैल

♦ प्रोसेस्ड तैल

♦ रेडी टू ईट फूड

♦ तम्बाकू युक्त पदार्थ

♦ बीड़ी

♦ सिगरेट

♦ अधिक मात्रा में शराब सेवन

♦ गांजा

- भांग
- चरस
- कोकीन
- अफीम
- अन्य मादक पदार्थ।

विहारज अपथ्य –

- शीतल जल स्नान
- दिन में शयन
- अव्यायाम
- अव्यवाय
- अतिआसन
- सुख आसन
- नित्य हर्ष
- मानस निवृत्ति

आयुर्वेद शास्त्रों के अनुसार रक्तगत मेद में अपथ्य –

क्रमांक	आहार वर्ग	अपथ्य
1	शूक धान्य	नवीन धान्य, गोधूम
2	शमी धान्य	माष, तिल
3	शाक वर्ग	कंद शाक, मधुर शाक
4	फल वर्ग	पकी हुई एर्वारूक, कर्कारूक, मधुर फल
5	द्रव वर्ग	दूध से बने पदार्थ जैसे– दधि, किलाट, अधिक मात्रा में दूध, घृत का सेवन, ईक्षु विकार
6	मांस वर्ग	आनूप, औदक, ग्राम्य मांस

Sources of LDL - Low density Lipoprotein वाहिकाओं की भीतरी दीवारों पर जमा हो जाते है, इसे लूजी कोलेस्ट्रॉल भी कहते है।

- Fatty meats and poultry with skin
- Full fat dairy products
- Butter and Lard
- Fried and Processed Foods
- Egg Yolks

Sources of saturated Fats-यह रक्त में cholesterol, triglyceride के स्तर को बढाता है।

- Butter
- milk
- Ice cream
- Cheese
- Dairy Products
- Coconut oil
- Palm oil

- Poultry skin
- Beef
- Veal
- Lamb

Sources of trans fat -

यह प्राकृतिक रूप से उपलब्ध नही होता, उद्योगों में वानस्पतिक तैलों को हाइड्रोजन के द्वारा ठोस बना लिया जाता है इस प्रकार की वसा LDL Cholesterol को बढ़ाती है और HDL के स्तर को कम करती है।

- Fried foods
- Fast food
- Typical snack foods (Chips, cookies etc.)
- Doughnuts
- Various Pastries
- Chocolate
- Cheesecake
- Refined oils

इस प्रकार हम कह सकते है कि विभिन्न प्रकार के life style disorder जो की रक्तगत मेद के बढ़ने से उत्पन्न हो रहे है इनसे बचने के लिए रक्तगत मेद को अपनी सामान्य अवस्था में रखना अत्यावश्यक है। रक्तगत मेद को आदर्श अवस्था में रखने हेतु हमारा खान–पान ही महत्वपूर्ण है, जो कि प्राकृतिक पदार्थो से युक्त एवं कृत्रिम तथा उद्योगों मे बनने वाले पदार्थों से मुक्त हो।

References :

1- Charak samhita, Sutrasthana, elaborated Vidyotini hindi commentory by pt. Kashinath Pandeya & Dr. Gorakh nath Chaturvedi, Reprint Varanasi: Chaukhambha Bharti Academy: 2013.

2. Vadya jeewan, Lalimbaraj,Vilas 1/10, elaborted vadiyotini hindi commentary by Dr. Indra dev tripathy Reprint Chaukhambha:2013, Page 1 to 4.

3. Charak samhita, Viman Sthana elaborated vidyotini hindi commentory by pt. Kashinath Pandeya & Dr. Gorakh Nath Chaturvedi, Reprint Varanasi: Chaukhambha Bharti Academy: 2013.

4. Reviewed article by Dr. Mithlesh Kumar Shah, Dr. Shubhoji Kamble, Dr. Hitesh Bharti on Vishwa Ayurveda Parishad journal March-245, Page No. -26

5. Reviewed artical by Dr. Dhirandra Kumar Sharma on Ayurveda Vikas Magazine, December 2017, Page No-21.

6. NCEP Cholesterol Guide lines, Third report (NCEP ATP-III) executive summary.

7. Reviewed article by Dr. Shrimati Geeta Pandey on Ayurveda Vikas, May 2015, Page No. 16.

8. Medically reviewed by Deborah Weather spoon, Ph.D. RN, CRNA on April 3, 2017 written by Kimberly Holland on oct. 26, 2015.

9. APJCN, www.nhri.org. tw. >html>data>data2g, food data chart - saturated and poly unsaturated fat.

10. www.livestrong.com, food Containing LDL Cholesterol by Crystal Welch, August 14,2017.

11. Google web light. Com//www.acalorie. counter.com/diet/ saturated fat-trans-fat.

प्राणायाम का स्वास्थ्योन्नयन एवं रोगप्रतिषेधात्मक प्रभाव

- रमेश कान्त दुबे*

e-mail : rameshdubey01@gmail.com

सारांश

प्राणायाम श्वास प्रश्वास द्वारा प्राण वायु को नियंत्रित करने की विधि है। प्राण वायु पर नियंत्रण के बिना चित्त –निरोध न होने से योग की परमानुभूति संभव नही है। प्रणायाम के निरंतर अभ्यास से समस्त नाडियां शुद्ध होती हैं एवं शरीर मे लघुता तथा कान्ति उत्पन्न होती है। प्राणायाम का स्थूलतया श्वसन क्रिया पर प्रत्यक्ष प्रभाव तो होता ही है जिससे स्वास्थ्यवर्धन होता है साथ ही इसका सूक्ष्म प्रभाव मनःविश्रान्तिकर है; जो मनोदैहिक विकारों की चिकित्सा हेतु अत्यंत उपयोगी है। प्राणायाम के शास्त्रों में वर्णित विभिन्न प्रकारों का शरीर के विभिन्न अंगों पर लाभकारी प्रभाव होता है। प्राणायाम से रक्त परिसंचरण एवं अंतःस्रावी ग्रंथियो की क्रिया में सुधार होता है तथा मस्तिष्क की क्रिया विशेष रुप से प्रभावित होती है। प्रस्तुत शोध–पत्र में प्राणायाम के स्वास्थ्य रक्षण में महत्ता का प्रतिपादन करते हुए उसके विभिन्न रोगों में उपादेयता का वर्णन किया गया है।

शब्द कुंजियां– प्राणायाम, रोग, प्रतिशेध, स्वाथ्योन्नयन, योग विधि।

परिचय

योग शब्द संस्कृत के युज् धातु से व्युत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है– बाँधना, युक्त करना, जोड़ना या ध्यान को नियन्त्रित करना। योग का शाब्दिक अर्थ संयोग या मिलन भी होता है। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है– ''योगश्चित्तवृत्ति निरोधः''। योग वस्तुतः एक जीवन दर्शन है जिसका उद्देश्य शरीर–सौष्ठव एवं शारीरिक स्वास्थ्य वृद्धि मात्र न होकर सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के साथ परम शान्ति की प्राप्ति एवं तत्वानुभूति है। यद्यपि योग मुख्यतः अध्यात्म का विषय है परन्तु योगाभ्यास एवं यौगिक क्रियाओं का स्वास्थ्योन्नायक प्रभाव के साथ–साथ रोग निवारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

योग के द्वारा शरीर, मन एवं प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति हेतु आठ प्रकार के साधन वर्णित है, जिसे अष्टांग योग कहा जाता है। योग के आठ अंग क्रमशः यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि हैं। आधुनिक अनुसन्धानों से यह सिद्ध हो चुका है कि योग के द्वारा कई रोगों की सफल चिकित्सा की जा सकती है तथा औषधीय चिकित्सा के साथ–साथ यौगिक क्रियाओं का प्रयोग सह–चिकित्सा के रूप में प्रभावी है। प्राणायाम अष्टांग योग का एक महत्वपूर्ण अंग है जो प्राण अथवा जीवनी शक्ति को नियंत्रित करने में सहायक है। उपयुक्त आहारादि के सेवन के साथ विधिपूर्वक प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीरस्थ एवं चित्तस्थ समस्त रोगों का नाश हो जाता है। हठयोग में 8 प्रकार के प्राणायामों–भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा, सूर्यभेदी, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली एवं प्लावनी का वर्णन है। शरीर क्रिया की दृष्टि से प्राणायाम के भेदों को दो वर्गों में विभक्त किया जा सकता है – अल्पसंवातनयुक्त (hypoventilation and vitalizing) यथा भस्त्रिका, एवं जीवनी शक्ति प्रदायक तथा अतिसंवातनयुक्त एवं विश्रान्तिकर (hyperventilation and relaxing) यथा भ्रामरी, सीत्कारी एवं शीतली ।

प्राणायाम

यम, नियम एवं आसन के सम्यक अभ्यासोपरान्त ही प्राणायाम का यथाविधि प्रारम्भ करना चाहिए ।

*प्रवक्ता, स्वस्थवृत्त विभाग, राजकीय आयुर्वेदिक कालेज , अतर्रा (बांदा) उ.प्र.

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गति विच्छेदः प्राणायामः । यो॰ द॰ 2/49

आसन की सिद्धि के पश्चात प्राण वायु की गमनागमन की क्रिया के रोकने का अभ्यास प्राणायाम कहलाता है। प्राणायाम का अर्थ श्वासों का विस्तार एवं नियंत्रण है।

प्राणायाम की सामान्य विधि

बद्धपद्मासनो योगी प्राणं चन्द्रेण पूरयेत ।

धारयित्वा यथाशक्ति भूयः सूर्येण रेचयेत् ।।

ह॰ यो॰ प्र॰ 2/7

प्राणायाम में क्रमशः तीन क्रियाएँ होती हैं–

1, पूरक – फुफ्फुस को वायु से भरना

2, कुम्भक – फुफ्फुस में वायु को रोकना

3, रेचक– फुफ्फुस को वायु से रिक्त करना

प्राणायाम के अभ्यास हेतु योगाभ्यासी को पद्मासन या सिद्धासन लगाकर श्वास को चन्द्र नाडी (बाँए नासा) से पूरक करना चाहिए तदनन्तर यथाशक्ति धारण करने के पश्चात सूर्य नाडी (दाँए नासा) से रेचन करना चाहिए।

प्राणायाम के भेद

बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवश्त्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदश्ष्टोदीर्घसूक्षः।

– यो॰ द॰ 2/50

योग दर्शन में प्राणयाम के 4 भेद वर्णित हैं –

1. बाह्य वृत्ति

पद्मासन या सिद्धासन में यथाविधि बैठकर श्वास को एक बार मे ही बाहर निकालें ,अब मूल बंध , उड्डियान बंध एवं जालंधर बंध लगाकर श्वास को अपनी शक्ति अनुसार बाहर ही रोककर रखें । श्वास लेने की इच्छा होने पर बंधों को हटाते हुए धीरे –धीरे श्वास लें एवं बिना श्वास को रोके पूर्ववत श्वसन क्रिया करें।इसे 3 से 21 बार तक किया जा सकता है।

2. आभ्यन्तर वृत्ति

ध्यानात्मक आसन में बैठकर श्वास को बाहर निकालें तत्पश्चात यथा शक्ति पुनः अन्दर खींचे, अब मूल बंध एवं जालंधर बंध लगाकर श्वास को अपनी शक्ति अनुसार अंदर ही रोककर रखें ।

3. स्तम्भ वृत्ति

स्वभाव से अन्दर जाने या बाहर निकलने वाले प्राण वायु की गति को ,वह जहाँ हो उसी स्थान पर स्तम्भित करना स्तंभ वृत्ति है।

4, बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी वृत्ति

प्राण वायु की गति बाहर अथवा भीतर की ओर है इसका ज्ञान न रखते हुए स्वयमेव होने वाला प्राणयाम है।

हठयोग प्रदीपिका मे प्राणायाम के भेदों का वर्णन 8 प्रकार के कुम्भक के रूप में किया गया है।

सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा ।

भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लावनीत्यष्ट कुम्भका ः।।

ह॰ यो॰ प्र॰ 2/44

1. सूर्यभेदी – इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर दाँये नासिका से पूरक तथा जालंधर एवं मूल बंध के साथ कुम्भक तथा अंत में बाँये नासा से रेचक करना चाहिए।

2. उज्जायी – इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर कण्ठ को सिकोडते हुए खर्राटे के समान गले से आवाज के साथ दोनों नासा से पूरक तत्पश्चात् सूर्यभेदन के समान कुम्भक एवं अन्त में बाँये नासा से शनैः–शनैः रेचक करना चाहिए ।

3. सीत्कारी – इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर जिह्वा को दोनों ओठों के मध्यस्थ कर सीत्कार अर्थात् सी–सी की ध्वनि करते हुए मुख से पूरक एवं दोनों नासा से रेचक करना चाहिए। यह प्राणायाम जालंधर बंध सहित कुम्भक के साथ तथा बिना कुम्भक के भी किया जा सकता है।

4. शीतली– इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर जिह्वा की किसी पक्षी की चोंच के समान आकृति बनाकर उससे वायु को अंदर खींचना चाहिए तत्पश्चात् दोनों नासा से रेचक करना चाहिए।

5. भस्त्रिका– इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर श्वास को दोनों नासा से पूरा भरकर बाहर भी पूरी शक्ति के साथ छोडना चाहिए। यह क्रिया बार – बार उसी प्रकार करें जैसे किसी लोहार की धौकनी द्वारा वायु का आदान–प्रदान किया जाता है।

6. भ्रामरी – इस प्राणायाम में किसी ध्यानात्मक आसन में बैठकर मध्यमा अंगुलियों से दोनो नासिका के मूल पर दबाव देते हुए अंगूठो के द्वारा दोनों कानों को बंद करते हूए भ्रमर नाद के समान शब्द करते हुए दोनों नासा से तीव्रता के साथ पूरक तथा इसी प्रकार शनैः–शनैः रेचक भी करना चाहिए। इसे 11–21 बार तक कर सकते है।

7. मूर्च्छा– इस प्राणायाम में पूरक के बाद जालन्धर बंध को दृढता से बांधकर धीरे–धीरे रेचक करना चाहिए जिससे मन की मूर्च्छना होती है।

8. प्लावनी– इस प्राणायाम में पूरक द्वारा उदर तक वायु को भरा जाता है जिससे साधक जल में तैरते हुए समस्त अभीष्ट क्रियाओं को करने में समर्थ होता है।

प्राणायाम की क्रियाविधि

प्राणायाम के अभ्यास से श्वसन संस्थान की क्रिया में सुधार होता है एवं फेफडों में वायु के प्रवाह में वृद्धि होने से आक्सीजन की आपूर्ति बढती है। इससे रक्त संचार में भी सुधार होता है एवं अन्तःस्रावी ग्रंथियों की क्रिया सम्यक् होती है। प्राणायाम मे श्वास क्रिया में महाप्राचीरा पेशी सम्बद्ध होती है जिससे उदरगत अवयवों एवं रक्त नलिकाओं में कम्पन उत्पन्न होती है।

प्राणायाम के अभ्यास से EEG (electroencephalogram) में परिवर्तन देखा गया है ।

'Nauli, Bastrika and Suryabedana have specific cortical localizations with characteristic frequencies between 12 and 17 Hz and between 26 and 33 Hz .In this way ,these Pranayamas stimulate specific receptors in the body, each of which have, in their turn, specific frequency of activity and localization in the brain.

With current research focus in many prominent laboratories, of relating specific frequencies in the brain to specific neurotransmitter release, it is likely that a particular neurotransmitter is released for each type of Pranayama. If found true, this could lead to therapeutic procedures for many neurologic disorders. For example, a calcium deficiency could be compensated through the practice of a particular Pranayama.

Brain, cardiac and respiratory functions are coupled strongly through the autonomic nervous system and manipulation of breath could change the activity in these organs.

The left nostril dominance in respiration is associated with parasympathetic response and the right nostril dominance is associated with sympathetic response. If, due to some reason the nostril switching is not proper, then the balance in sympathetic – Para sympathetic inputs to body functions seems to be disturbed resulting in some somatic problems.

It has been reported that ipsilateral nasal occlusion is able to relieve symptoms during cluster headache episodes.'

प्राणायाम की स्वास्थ्य संरक्षण में उपादेयता

चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।

योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायुं निरोधयेत्।।

ह• यो• प्र• 2/2

प्राणादि वायु के चंचल रहने पर चित्त चंचल रहता है एवं निश्चल रहने पर चित्त भी स्थिर रहता है। इस प्रकार प्राणायाम से चित्त के शान्त रहने से मानसिक स्वास्थ्य समुन्नत होता है एवं योगी दीर्घायु होता है।

यावद् वायुःस्थितो देहे तावज्जीवनमुच्यते।

मरणं तस्य निष्क्रान्तिस्ततो वायुं निरोधयेत्।

ह• यो• प्र• 2/3

वायु के समुचित प्रवाह से जीवन एवं वायु के शरीर से निकल जाने पर मरण होता है। अतः चिरायु के लिए प्राणायाम द्वारा वायु के निरोध का अभ्यास आवश्यक है।

प्राणायामं ततः कुर्यात् नित्यं सात्विकया धिया।

यथा सुषुम्नानाडीस्था मलाःशुद्धिं प्रयान्ति वै।

ह• यो• प्र• 2/6

सात्विक बुद्धि से निरन्तर प्राणायाम का अभ्यास करने से सुषुम्ना नाडीगत मलों की शुद्धि होती है।

गोरक्ष शतक के अनुसार योगी का रजो गुण आसन से, पाप निवृत्ति प्राणायाम से एवं मानसिक विकार प्रत्याहार से दूर होते है।

आसनेन रजो हन्ति प्राणायामेन पातकम्।

विकारं मानसं योगी प्रत्याहारेण सर्वदा ।।

(गोरक्ष शतक)

प्राणायाम से फेफडे बलवान होते हैं ।रक्त संचार मे सुधार होने से आरोग्य एवं दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

आधुनिक अन्वेषणों से सिद्ध हुआ है कि प्राणायाम से मस्तिष्क की क्रिया के साथ sympathetic एवं parasympathetic nervous system की क्रिया में भी सुधार होता है।

प्राणायाम के अभ्यास से तीनों दोषों का शमन होता है ।पाचन तंत्र स्वस्थ होता है एवं समस्त उदरगत विकार दूर होत हैं। रोगप्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। मन शान्त होता है एवं तनाव से बचाव होता है।

प्राणायाम की रोगों की चिकित्सा में उपादेयता

1 सूर्यभेदन –

कपालशोधनं वातदोषघ्नं कृमिदोषहृत् ।

ह• यो• प्र• 2/50

इसके अभ्यास से कपाल (मस्तिष्क) का शोधन, समस्त वातजन्य विकारों एवं कृमियों का नाश होता है।

2 उज्जायी –

श्लेष्मदोषहरं कण्ठे देहानलविवर्धनम्।

ह• यो• प्र• 2/51

नाडीजलोदराधातुगतदोषविनाशनम् ।

ह• यो• प्र• 2/52

इसके अभ्यास से कण्ठस्थ कफजन्य समस्त दोष नष्ट होते हैं ,पाचकाग्नि की वृद्वि के साथ नाडी समूह के दोषों का शमन एवं जलोदर तथा समस्त धातुगत दोषों का नाश होता है ।

3 सीत्कारी –

योगिनीचक्रसामान्यःसृष्टिसंहारकारकः।

न क्षुधा न तष्षा निद्रा नैवालस्यं प्रजायते।।

ह• यो• प्र• 2/55

इसके अभ्यास से शरीर सबल होता है, क्षुधा, प्यास एवं निद्रा सम्यक् होती है एवं योगी समस्त रोगों से मुक्त रहता है ।

4 शीतली–

गुल्मप्लीहादिकान् रोगान् ज्वरं पित्तं क्षुधां तषाम्।

विषाणि शीतली नाम कुम्भिकेयं निहन्ति हि ।।

ह• यो• प्र• 2/58

इसके अभ्यास से गुल्म,प्लीहा,पित्त ज्वर रोग, तृष्णा तथा विषजन्य रोग दूर होते हैं।

5 भस्त्रिका–

इसके अभ्यास से जठराग्नि दीप्त होती है एवं वात ,पित्त तथा कफजन्य समस्त रोग दूर होते हैं। प्रतिश्याय ,एलर्जी ,श्वास ,थायरायड एवं टान्सिल में यह लाभकारी है।

6 भ्रामरी –

इसके अभ्यास से चित्त में विशेष आनन्द की अनुभूति होती है । मानसिक तनाव,उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोगों में यह लाभकारी है।

7 मूर्च्छा–

इसके अभ्यास से मन की चंचलता दूर होती है।

8 प्लावनी–

इसके अभ्यास से योगी में जल में तैरने का सामर्थ्य उत्पन्न होता है।

भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी के योग्य योगाचार्य के मार्गदर्शन में निरन्तर उचित कालावधि तक अभ्यास से मोटापा, मधुमेह, अम्लपित्त, श्वास, उच्च रक्तचाप रोगों में लाभ होता है। फेफडे के समस्त विकारों एवं दमा के रोगियों के लिए आभ्यन्तर वृत्ति प्राणायाम लाभकारी है।

निष्कर्ष

प्राणायाम श्वास को नियन्त्रित करने की विशिष्ट विधि है।वर्तमान समय में इस विधि का तेजी से प्रचार –प्रसार हो रहा है परन्तु सम्यक् विधि से किया गया प्राणायाम ही यथोचित लाभ प्रदान करता है।प्राणायाम से श्वसन संस्थान ,रक्तवह संस्थान एवं अन्तःस्रावी ग्रंथियों की क्रिया में सुधार होता है। इसकी विशिष्ट विधियाँ विभिन्न रोगों के उपचार में सहायक हैं।

संदर्भ ग्रंथ–

1, हठयोगप्रदीपिका , संपादक स्वामी श्रीद्वारिकादास शास्त्री ,चौखम्भा विद्याभवन वाराणसी ,संस्करण 2009

2 प्राणायाम रहस्य –स्वामी रामदेव

3 T. M. SRINIVASAN: PRANAYAMA AND BRAIN CORRELATES, Ancient Science of Life, Vol No. XI No.1 & 2, July & October 1991, Pages 1 - 6

आयुर्वेदीय वाङ्मय में स्त्री व कन्या का महत्व : विश्लेषण एवं विमर्श

- आशुतोष द्विवेदी*, सुदेश कुमार भाम्बू**, अर्चना सिंह***
कमलेश कुमार शर्मा****
e-mail : drashutosh1984@gmail.com

सारांश

कन्या के जन्म में जहां पहले लोग लक्ष्मी, दुर्गा, शक्ति, सरस्वती जैसी उपमा से उत्साह से आयोजन करते थे वहीं आज उसे बोझ समझने वाली मानसिकता ने कन्याभ्रूण हत्या को बढावा दिया है। भारत के कई राज्यों में असमान लैंगिक अनुपात चौकाने वाला है तथा संभ्रांत समाज को लज्जित करने वाला है। कभी कभी आयुर्वेद पर विषय वाद–विवाद या संभाषाओं में आयुर्वेद शास्त्र पुरुष स्त्री में भेद करते हैं, ऐसी भ्रांतियां सामने आती हैं। अतः इस शोध–पत्र का उद्देश्य आयुर्वेदीय संहिताओं व ग्रंथों में उपलब्ध नारी के समस्त विषयों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं का वैज्ञानिक विवेचन करना है तथा उसमें वर्णित, स्त्री के महत्व तथा कन्या संतति के विषय पर किए समान विचार पर विवेचन करना है। अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि आचार्य चरक, सुश्रुत, वाग्भट, काश्यप, शारंगधर, आदि सभी ने स्त्री व कन्या के सभी रचना, क्रिया, निदान, स्वास्थ्य, चिकित्सा और सामाजिक दृष्टिकोण आदि आयामों का वर्णन किया है। प्रस्तुत विवेचन से स्पष्ट है कि आयुर्वेद वांग्मय में स्त्री का पुरुषों के समान विशेष वर्णन किया गया है, जो आयुर्वेदीय वाङ्मयों की स्त्री–पुरुष के प्रति समदृष्टि का परिचायक है।

संकेत शब्द : आयुर्वेद, कन्या, भ्रूण हत्या , स्त्री प्रशंसा

परिचय :

सृष्टि की उत्पत्ति एवं प्रवाह में नारी बराबर की सहभागी है। नारी शक्ति स्वरूपिणी है ,ये मूल प्रकृति व जीवों की जननी है। **"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता"** जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का निवास होता है। उपरोक्त वेदवाक्य से स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में नारी की समाज में क्या स्थिति थी। वैदिक काल में कोई भी धार्मिक आयोजन नारी की उपस्थिति के बगैर शुरु नहीं होता था। उक्त काल में धार्मिक प्रार्थना में यज्ञकर्ता या प्रार्थना कर्ता की पत्नी का होना आवश्यक माना जाता था। सभी प्रकार के अधिकारों से सम्पन्न नारी जाति उस काल के समृध्द समाज व देश के सांस्कृतिक परिदृश्य का द्योतक थी। ऋग्वेद की ऋचाओं मे ४१४ ऋषियों के नाम मिलतें हैं जिनमें से ३० नाम महिला ऋषियों के हैं। नारियां युद्धकला में भी पारंगत होकर राजपाट भी संभालती थी। प्रागैतिहासिक काल में सुकुमारता, लावण्यता, सौंदर्य, अलंकारिक जैसे शब्दों से नारी के महात्म्य का वर्णन उसके विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। कालक्रम से पतित होते हुए समाज में कुप्रथाओं का अविर्भाव हुआ। पर्दाप्रथा, बालविवाह, नारियों को शिक्षा से दूर रखना, उन्हें सिर्फ उपभोग की वस्तु समझना, दहेज प्रथा जैसी मनोव्यवस्था ने आज समाज में सकंट उत्पन्न कर दिया है। इन्हीं वजहों से कन्या के जन्म में जहां पहले लोग लक्ष्मी, दुर्गा, शक्ति, सरस्वती जैसी उपमा से उत्साह से आयोजन करते थे वहीं आज उसे बोझ समझने वाली मानसिकता ने कन्याभ्रूण हत्या को बढावा दिया है। भारत के कई राज्यों में असमान लैंगिक अनुपात चौकाने वाला है तथा संभ्रांत समाज को लज्जित करने वाला है।

उद्देश्य :

1. कभी कभी आयुर्वेद पर विषय वाद–विवाद या संभाषाओं में आयुर्वेद शास्त्र पुरुष स्त्री में भेद करते हैं,ऐसी भ्रांतियां सामने आती हैं। अतः इस शोध पत्र का उद्देश्य आयुर्वेदीय संहिताओं व ग्रंथों में उपलब्ध नारी के समस्त विषयों के महत्वपूर्ण बिन्दुओं का वैज्ञानिक विवेचन करना है।

**पी.जी. स्कालर, **पी.जी. स्कालर, स्नात्कोत्तर विभाग, स्वस्थवृत्त एवं योग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ***सहायक आचार्य, रोग एवं विकृति विज्ञान, शा. श्व. आयुर्वेद महाविद्यालय, रीवा ****विभागाध्यक्ष, स्वस्थवृत्त एवं योग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर*

2. आयुर्वेद जो चिकित्सा शास्त्र के साथ साथ दर्शन ग्रन्थ भी है, उसमें वर्णित, स्त्री के महत्व तथा कन्या संतति के विषय पर किए समान विचार पर विवेचन करना है।

सामाजिक महत्व

- जीवनसंगिनी के रूप में समान ह्रदया तथा वश्या होने से सामाजिक संतुलन में नारी की बराबर भूमिका है।
- स्त्री श्रेष्ठ वाजीकारक कही गयी है अतः स्त्री वंश परंपरा का संरक्षण सामाजिक आवश्यकता को प्रदर्शित करता है ।
- वैद्य को पति या सहजन के साथ आई हुई या उपस्थिति में स्त्री की चिकित्सा का प्रावधान किया है, स्त्री द्वारा चिकित्सा हेतु किसी भी प्रकार की वस्तु ग्रहण करना वैद्य के लिए वर्ज्य है।
- रजस्वला, गर्भिणी, दूसरे की पत्नी, ब्रह्मचारिणी व अन्य जातीया के साथ सहवास वर्जित है। अगम्यागमन एवं अन्यथाकाम पाप कर्मों की श्रेणी में रखा गया है ।
- वैद्य के लिए अन्य स्त्रियों का संग कठोरता से वर्ज्य है। विशिखानुप्रवेश में स्त्री संसर्ग वर्ज्य है।
- विषदात्री के रूपों में स्त्रियों का उपयोग राज्य व राष्ट्र की रक्षा में किया जाना उनके समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

आयुर्वेद में पुत्र व पुत्री समान एवं भ्रूण हत्या जघन्य सामाजिक अपराध –

- आयुर्वेद वाङ्गमयों में गर्भ शारीर व गर्भिणी परिचर्या में "गर्भ" व "जात" शब्द कई स्थानों पर आया है, जिससे पुत्र व पुत्री दोनों का बोध होता है और गर्भ की हर संभव प्रयत्नपूर्वक रक्षा का निर्देश है।
- आयुर्वेद सद्वृत्त के वर्णन में आचार्य चरक ने कहा "भ्रूणहन्तृभिर्नक्षुद्रैर्नदुष्टैः" भ्रूण हत्या करने वाले का तिरस्कार कर त्याग कर देना चाहिए। इसी कथन की टीका करते हुए आचार्य चक्रपाणि कहते हैं "भ्रूणहा गर्भघातकः" ऐसे पागल पतित ,भ्रूण हत्या करने वाले दुष्ट व्यक्तियों के साथ न बैठें। उपरोक्त उद्धरण आचार्यों द्वारा कन्या संतति के संरक्षण हेतु सामाजिक सद्वृत्त का अनुपम उदाहरण है।

आयुर्वेद वाङ्गमय में स्त्री की प्रशंसा–

आचार्य चरक व वाग्भट दोनों ने ने कन्या को शुभ शकुन सूचक माना है। "कन्या———————————— बडवायाः स्त्रियास्तथा। ....पथि वेश्मप्रवेशे तु विधादारोग्य लक्षणम्।

कन्या, बछडे के साथ गौ, बच्चे के साथ मां को मार्ग में देखना, ग्रह प्रवेश करते समय देखना आरोग्य सूचक एवं शूभ माना है। आचार्य वाग्भट्ट ने भी स्वप्नों के भेद बताए हैं, जिनमें शुभस्वप्नों में कन्या तथा बालकों दोनों को ही देखना शुभ परिणामकारी कहा गया है।

अष्टाङ्ग हृदय में स्त्री की प्रशंसा में कहा गया है–

"इष्टाह्येकैकशोऽप्यर्था हर्षप्रीतिकराः परम् । किं पुनः स्त्रीशरीरे ये सङ्घातेन प्रतिष्ठिताः । अर्थात् मानव को अत्यंत आनंदित करने वाले तथा अत्यंत स्नेह को उत्पन्न करने वाले जो–जो विषय अन्यत्र छिटपुट रुप से प्राप्त होते है, वे सभी युवती (स्त्री) के शरीर में सामूहिक रुप से विध्दमान या व्याप्त होते हैं। "प्रियंवदा कुल्यमनःशया या सा स्त्री वृषत्वाय परं नरस्य" मधुर भाषण करने वाली तथा पति के मन के अनुरुप व्यवहार करने में निपुण होती है, ऐसी स्त्री पुरुष के लिए वृष्यतमा कही गई है।

श्रृष्टि उत्पत्ति में समान भूमिका –

पुरुषार्थ चतुष्टय, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष में से काम द्वारा गृहस्थ जीवन की कल्पना का आधार स्त्री ही है, जिसके साथ संयोग कर पुरुष संतति उत्पन्न करता है। आचार्यों ने सृष्टि उत्पत्ति के क्रम में प्रकृति, पुरुष के संयोग से ही सृष्टि उत्पत्ति में सहायक है। प्रकृति (स्त्री) का द्योतक है जो एक है, बीजधर्मिणी, अमध्यस्थधर्मिणी है। शुक्र व शोणित दोनों संतान उत्पन्न करने में बराबर के सहभागी है।

वात्स्यायन कामसूत्र में – पुरुष दृ कर्ता, स्त्री अधिकरण अर्थात् बीज बोने वाले पुरुष का आधार स्त्री है।

स्त्री इच्छा का सम्मान –

जिस प्रकार पुरुष को यह अधिकार है कि वह किस स्त्री को स्वीकार करें या त्याग करें ठीक उसी प्रकार स्त्री को भी स्वतंत्रता व अधिकार दिए गए हैं।"अप्रियाम अन्योषितम्" अर्थात् अप्रिय का त्याग करें । विभिन्न आचार्यों ने प्रत्येक स्थान में स्त्रियों के सम्मान करने का निर्देश दिया है। वहीं

शारीर स्थान में "मिथुनः मिथः" से वाग्भट्ट का अर्थ है कि इच्छानुसार ही स्त्री सहवास में प्रवृत हो अर्थात्त उसकी इच्छा का पूर्ण सम्मान किया गया है। इसके अतिरिक्त स्त्री के सम्मान, महत्व, की प्रशंसा स्थान स्थान पर करते हुए उसके सभी पहलुओं पर दृष्टि रखते हुए व्याख्या की गई है।

स्त्री शारीर, व्याधि चिकित्सा, गर्भ विज्ञान, परिचर्या आदि आयामों पर विवेचन नारी के शास्त्रीय महात्म्य को प्रदर्शित करता है।

आयुर्वेदानुसार स्त्री वय विभाजन में भी स्त्रियों की आयु अनुसार विभाजन इस चिकित्सा शास्त्र में उनके महत्व को बताता है–

आचार्य हारित– ने स्त्री वय विभाजन इस प्रकार किया है –बाला–५ वर्ष, मुग्धा–६ वर्ष, पुनः बाला–१२ वर्ष, मुग्धा–१३–१६ वर्ष, प्रौढा–२०– २८ वर्ष, प्रगल्भा–२६–४१ वर्ष। भावप्रकाश के अनुसार बाला–१६ वर्ष, तरुणी–१६–३२ वर्ष, प्रौढा–३२–५०वर्ष, वृद्धावस्था–५० वर्ष के पश्चात माना है । पराशर स्मृति के अनुसार "अष्टवर्षे भवेत गौरी, नववर्षे तु रोहिणी। दशवर्षे भवेत कन्या, अथ उत् रजस्वला" गौरी–८ वर्ष, रोहिणी–६ वर्ष, कन्या–१० वर्ष, रजस्वला–११ वर्ष के पश्चात, इस प्रकार का वर्णन मिलता है ।

आयु के अनुसार ही उनकी शरीर क्रिया, और रचना का विस्तृत वर्णन आयुर्वेद वाङ्गमय में मिलता है। स्त्री शारीर का सुव्यवस्थित और समुचित वर्णन है,अतिरिक्त २० पेशियाँ ,अतिरिक्त स्रोतस ,कोष्ठांग , क्रियाएं आदि का वर्णन आचार्यों के स्त्री शारीर के प्रति समदृष्टि व निष्पक्ष दृष्टिकोण को दर्शाता है .

श्रेष्ठ संतान उत्पत्ति हेतु

यथेष्ट संतति उत्पन्न करने के लिए आयुर्वेद में गर्भाधान व पुंसवन संस्कार का वर्णन मिलता है– "युग्मासु स्यात्पुत्रोऽन्यासु कन्यका" अर्थात युग्म रात्रि में सहवास से पुत्र तथा अन्य अयुग्म रात्रि संयोग से कन्या संतान उत्पन्न होती है। "अतः परं पञ्चम्यां सप्तम्यां नवम्यामेकादश्यां च स्त्रीकामः"। पुत्री की इच्छा रखने वालों को अयुग्म (५,७,६,११) रात्रि सहवास का निर्देश है। ऋतुकाल में मैथुन से आयु का ह्रास होती है। उपरोक्त संदर्भ आयुर्वेद में पुत्र–पुत्री में निष्पक्षता को दर्शाता है।लक्षणों के आधार पर कन्या जन्मा के लक्षण कहे हैं. "कन्या गर्भवती गर्भे पेशी मासे द्वितीयके"

पुसंवन विधि– आचार्य सुश्रुत के अनुसार पुत्र प्राप्ति के लिए द्रव्य (लक्ष्मणा, वट पत्र अंकुर सहदेवा) आदि दूध के साथ ३–४ बूंद दक्षिण नासापुट में तथा कन्या की इच्छा वाली स्त्री के वाम नासापुट ("वामे दुहितृकामयै") में देना चाहिए। वहीं आचार्य वाग्भट का मत है–"क्षीरेण श्वेत वृहतीमूलं नासापुटे स्वयम्। पुत्रार्थ दक्षिणे सिञ्चेद्वामे दुहितृवाञ्छया"६ इसका अर्थ यह है कि आयुर्वेद में कन्या संतति की उत्पत्ति पर भी विचार हुआ है।

गर्भवती स्त्री के प्रति समाज का कर्तव्य रू

♦ "न स्त्रियमवजानीत" स्त्रियों का अपमान न करें ६

♦ "सौमनस्य गर्भकराणां" अर्थात्त गर्भवती को प्रसन्न रखना।

♦ "उपचारः प्रियहितैर्भर्त्रा भृत्यैश्च गर्भधृक्"। गर्भवती से प्रिय/हितकर व्यवहार करना चाहिए।

♦ जगह–जगह पर गर्भ ही कहा गया है, जिससे पुरुष–स्त्री दोनों का बोध होता है।

♦ आचार्य सुश्रुत कहते हैं कि माता के व्यवहार से ही गर्भ का व्यवहार होता है। माता का श्वासोच्छ्वास का परिणाम गर्भ को प्राप्त होता है, वैसे माता के आराम और परिश्रम का भी फल गर्भ को माता के द्वारा है।

♦ गर्भ की सुरक्षा (कन्या या पुत्र संतति जो भी हो) करना, गर्भणी का परम कर्तव्य है, अतः गर्भिणी को क्या आहार–विहार (पथ्य का) सेवन करना चाहिए, विस्तृत वर्णन मिलता है।

♦ गर्भवती स्त्री की मनोदशा व स्वास्थ्य का प्रभाव संतान पर भी पड़ता है, अतः मनोनुकूल व्यवस्था, प्रबंधन आयुर्वेद वाङ्गमय में मिलता है।

गर्भवती स्त्री की इच्छा का तिरस्कार नही करना चाहिए–

"मातृजं हास्य हृदयं मातुश्च ह्रदयेन तत। संबध्दं तेन गर्भिण्या नेष्टं श्रध्दाविमाननम्"।

अर्थात् गर्भिणी स्त्री की इच्छा पूरी करना, अवहेलना न करना चाहिए अन्यथा गर्भ में विकृति उत्पन्न होने की संभावना रहती है। "देयमप्यहितं तस्यै हितौहितमल्पकम्" अर्थात गर्भिणी यदि अहितकर (अपथ्य) पदार्थ को सेवन करने की इच्छा

प्रकट करती है, तो उसे पथ्य (हितकर) पदार्थ के साथ मिलाकर अपथ्य वस्तु भी थोडी मात्रा में देनी चाहिए। "श्रद्धाविघातादगर्भस्य विक्रितिश्च्युति रेव वा" दौह्रद का अपमान करने से गर्भपात हो जाता है .

"गर्भोवात प्रकोपेण दौह्रदे वाङ्वनानिते। भवेत कुब्जः कुणिः पङ्गुर्मूकोमिन्मिन एव वा"६

दौह्रद की पूर्ति न होने से उत्पन्न होने वाली संतति में निम्न विकृतियां उत्पन्न हो सकती है– कुबडा, लूला, लंगडा, गूंगा या मिन्मिन (अव्यक्त शब्द का उच्चारण करने वाला होता है।) इसलिए गर्भ (पुत्र व पुत्री दोनों) की रक्षा सावधानीपूर्वक करने से गर्भ की रक्षा हो सकती है, अन्यथा नहीं। सुरक्षित शिशु व मातृत्व के लिए सर्वव्यवस्था सम्पन्न, सूतिकागार का विचार वर्णित है।

आचार्य सुश्रुत ने माता के दुग्ध को अमृत की उपमा दी है।"दीर्घमायुस्वाप्नोतु देवाः प्राश्यामृतं यथा" जिस प्रकार देवता अमृत सेवन करने से दीर्घायु हुए, ठीक वैसे ही अमृत युक्त माता के दुग्धपान करने से बालक दीर्घायु होता है। अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि आचार्य काश्यप, शारंगधर, माधव, योगरत्नाकर तथा रसग्रंथो आदि में भी स्त्री व कन्या के सभी रचना, क्रिया, निदान, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सामाजिक दृष्टिकोण आदि आयामों का वर्णन किया है।

उपसंहार–

नारी शक्ति रुपिणी है, ये मूल प्रकृति व जीवों की जननी है। मां, बहन या पत्नी के रुपों में हमारी शक्ति का पुंज है। आयुर्वेद वाड्गमयों में स्थान स्थान पर स्त्री जाति, (नारी) सम्मान पर बल दिया है। बालक व बालिका संतति में भेद के कारण आज विश्व के कई देशों में लैंगिक असमानता देख्नें को मिलती है। भारत के कई राज्यों में भी ये देखने को मिलती है। आयुर्वेद जो चिकित्सा शास्त्र के साथ दर्शन व जीवन विज्ञान है उसके अनुसरण से उक्त समस्या का निराकरण हो सकता है। कहा गया है– "पक्वान्नमिव राजेन्द्र सर्वसाधारणाः स्त्रियः। प्रत्यक्षे च परोक्षे च रक्षितव्याः प्रयत्नतः" पकाये हुए अन्न के समान सामने तथा पीछे बहुत प्रयत्न करके सर्वसामान्य स्त्रियों की रक्षा करनी चाहिए। आयुर्वेद में संतति की उत्पत्ति पर भी विचार हुआ है। यथेष्ट संतति उत्पन्न करने के मुख्य आधार माता के स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व, प्रसव व गर्भिणी परिचर्या, सूतिका परिचर्या आदि का व्यापक वैज्ञानिक विवेचन मिलता है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि आयुर्वेद वांड्गमय में स्त्री का पुरुषों के समान अधिकार आदि का वर्णन किया गया है। यह स्पष्ट है की सांसारिक यात्रा के समुचित सञ्चालन में दोनों का स्वस्थ होना अति आवश्यक है, अतः आचार्यों ने दोनों की प्रकृति का अलग विवेचन करते हुए, रोगों का नैदानिक विश्लेषण, औषधों का चयन मात्रा का निर्धारण करने पर बल दिया है, जो आयुर्वेदीय वांड्गमयों की स्त्री–पुरुष के प्रति समदृष्टि का परिचायक है।

संदर्भ :

1. https://vichaarsankalan.wordpress.com/2009/09/11/
2. http://hindi.webdunia.com/sanatan-dharma-article/80-112122600073_1.htm
3. Charaka Samhita chakrapaanidatta krit "ayurveda deepika" written by edited by Lt. Lakshmidhar Dwivedi, Dr B.K. Dwivedi & Dr P.K. Goswami ,published by Choukhamba Krishnadas Academy Varanasi Tritiya bhaga (cha. Chi.2 -1/4-7) pp 60.
4. Ashtangahrudayam commentary "Sarvaangasundara" by Arundatta & "Ayurveda rasayana" of Hemadri teeka yukta written by Dr Anna Moreshwar Kunte and Krishna Ramchandra Shastri navhare ,published by Chaukhamba Orientalia varanasi .2/21 pp 29.
5. Sushruta Samhita "Ayurveda tattwa sandipika" written by Kaviraj Ambikadatta shastri Part 1 published by Chaukhamba Sanskrit Samsthan Varanasi (su.kalpa 1/6) pp 2.

6. ibid, pratham bhaga (Cha.Su 8/19) pp. 209.
7. ibid, pratham bhaga (Cha.Su 8/19) pp210.
8. ibid. dwitiya bhaga (Cha.Indriya 12/72-79) pp 1260-1261.
9. ibid, sharira sthan 6/66 pp.436.
10. ibid, uttar tantra.40/38 pp.942.
11. ibid. uttar tantra.40/40, pp. 943.
12. ibid. dwitiya bhaga ,Cha.sha.4/5, pp.1051. http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/6555/6/06, chapter 201.pdf
13. ibid. sutra sthan 7/69, pp. 144. 5/13-14 MAHARISHI UNIVERSITY OF MANAGEMENT VEDIC LITERATURE COLLECTION pp. 18-19
14. ibid. sharir sthan 9/26-27, pp. 367
15. ibid. sharir sthan2/32.
16. ibid. dwitiya bhaga (Cha.sha.2 /14) pp. 1007-1008.
17. Bhavprakash purva khanda garbha prakaran translated by Prof. K.R.Shrikantha murthy vol.1 Published by Krishnadas academy Varanasi garbha prakaran/48, pp.24.
18. ibid. Sharir sthan.2/34, pp.19.
19. ibid. Sharir sthan 1/40pp.369.
20. ibid. pratham bhaga (Cha.Su 8/22)pp. 212.
21. ibid. pratham bhaga (Cha.Su 25/40) pp. 449.
22. ibid. sharir sthan1/43, pp. 370.
23.B ibid. Sharir sthan 1/52 pp.371.
24. ibid. Sharir sthan 1/54 pp.371.
25. ibid. Sharir sthan 1/52 pp.371
26. Sharir sthan 2/54 pp.1923.
27. https://github.com/gsireesh/CU-SARIT/blob/master/9Ba-201-400.xml, http://hilwebsite.com/pdfs/hindu%20women.pdf

परिषद् समाचार

जफराबाद, वाराणसी में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन

काय चिकित्सा विभाग, आयुर्वेद संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं विश्व आयुर्वेद परिषद्, वाराणसी ईकाइ, के संयुक्त तत्वावधान में 2017 से माह के प्रथम या द्वितीय रविवार को क्रमिक रूप से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन वाराणसी के जफराबाद ग्राम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 अप्रैल 2018, रविवार को वाराणसी जनपद के जफराबाद ग्राम में सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 100 रोगियों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श एवं आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया तथा उपस्थित जन समुह को संक्रामक बिमारियों से बचने के उपाय बताये गये। विषय विशेषज्ञों द्वारा घरेलू औषधियों की स्वाथ्य के दृष्टिकोण से अवगत कराया गया तथा ग्राम प्रधान श्री प्रभात पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को स्वास्थ्य एवं रोग के दृष्टिकोण से उपयोगी औषधीय पौधों को उगाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी चिकित्सा शिविर का मार्गदर्शन प्रो0 जे.एस. त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष काय चिकित्सा विभाग, आयुर्वेद संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा विश्व आयुर्वेद परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, डॉ0 के. के. द्विवेदी ने किया। चिकित्सा शिविर का संचालन डॉ0 कमोद गिरपुन्जे, एस0आर0 कायचिकित्सा विभाग, द्वारा किया गया तथा आयुर्वेद के स्नातक छात्र विशेष रूप से मृत्युंजय द्विवेदी, ध न्नजय मौर्य एवं बिजेन्द्र पाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

विश्व आयुर्वेद परिषद् वाराणसी इकाई की परिकल्पना बैठक सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद् वाराणसी इकाई की परिकल्पना बैठक दिनांक 3 मई 2018, बृहस्पतिवार को सायं 5 से 7 के बीच विश्व संवाद केन्द्र लंका, वाराणसी में आयोजित की गई। बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के श्रीमान् मनोज जी सह प्रान्त प्रचारक काशी प्रांत, वाराणसी के दिशा निर्देश तथा डॉ0 के0 के0 द्विवेदी, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति, विश्व आयुर्वेद परिषद् की अध्यक्षता में आहुत की गई। इस बैठक में परिषद् द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे– राष्ट्रीय स्तर पर स्नातक एवं परास्नातक आयुर्वेद छात्रों के उन्नयन हेतु निबन्ध प्रतियोगिता, व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन, चरक एवं धन्वन्तरि जयंती पर आयोजन राष्ट्रीय सम्भाषा संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन आदि का मूल्यांकन किया गया तथा भविष्य में इनके सफल आयोजन की मंत्रणा की गई। बैठक में डॉ0 के. के. द्विवेदी ने वर्ष 2018 में विश्व आयुर्वेद परिषद् द्वारा की जाने वाली 2 महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन की ओर परिषद् सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया यथा– 1. महर्षि चरक वनांचल आयुर्वेद स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2018 और 2. अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन 2018; जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत एवं अनुमोदन किया। परिषद् सदस्यों के द्वारा जुलाई के प्रथम सप्ताह में तीन दिवसीय ''महर्षि चरक वनांचल आयुर्वेद स्वास्थ्य सेवा यात्रा'' तथा नवम्बर माह में दिनांक 16 से 18 तक ''अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन– सम्योजनम्'' के आयोजन का निर्णय लिया गया तथा इसके विस्तृत प्रारूप निर्माण पर चर्चा की गई। इस क्रम में प्रो0

सी0एस0 पाण्डेय को सम्योजनम् 2018 के प्रारूप निर्माण के लिए तथा स्वास्थ्य सेवा यात्रा के लिए डॉ0 पी0एस0 व्याडगी को मनोनित किया गया। इस बैठक मे प्रो0 जे0 एस0 त्रिपाठी, डॉ0 ए0के0 द्विवेदी, डॉ0 अजय पाण्डेय, डॉ0 पी0एस0 उपाध्याय, डॉ रानी सिंह, डॉ शिवजी गुप्ता, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डॉ0 मनीष मिश्र, डॉ0 अनुराग पाण्डेय, डॉ0 आशुतोष कुमार पाठक तथा अजीत, विवेक तिवारी आदि आयुर्वेद के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया तथा परिषद् के उत्तरोतर विकास के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये।

आयुर्वेद कौशलम् 2018 नोएडा में सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद नॉएडा ने 25 मार्च 2018 को आयुर्वेद कौशलम 2018 का आयोजन महामाया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नोएडा के भव्य सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में आनन्द, गुजरात से डॉ0 सरिता ने प्रकृति के महत्व एवं उपयोगिता विषय पर तथा मर्म चिकित्सा का परिचय एवं चिकित्सा के महत्व विषय पर डॉ0 शिशिर प्रसाद, गुरुकुल परिसर उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्व विद्यालय, हरिद्वार ने व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें समीपवर्ती आयुर्वेद कॉलेज – प्रकाश इन्स्टिटूट झाझर, जे0डी0 आयुर्वेदिक कॉलेज अलीगढ़, साई आयुर्वेदिक कॉलेज अलीगढ़, यज्ञदत्त आयुर्वेदिक कॉलेज खुर्जा, जी0एस0 आयुर्वेदिक कॉलेज गाजियाबाद, महावीर आयुर्वेदिक कॉलेज व श्रीराम आयुर्वेदिक कॉलेज मेरठ, चौधरी ब्रह्मप्रकाश दिल्ली तथा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान दिल्ली के छात्र एवं अध्यापक सम्मिलित हुए।

इसके अतिरिक्त दिल्ली गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़, हाथरस, पीलीभीत, हरियाणा के अनेक चिकित्सकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में CCRAS के महानिदेशक वैद्य करतार सिंह धिमान जी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र चौधरी ने की. परिषद के नोएडा इकाई के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत शांडिल्य, सचिव डॉ. वसुधा जोशी, उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर मिश्र, का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इकाई के अन्य चिकित्सक डॉ. सत्यदेव त्यागी, डॉ. अक्षयवीर सिंह, डॉ.रुचि गुलाटी आदि का भी सहयोग रहा।

आयुर्वेद कौशलं कार्यशाला, इंदौर में सम्पन्न

छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं वह छात्र जो आयुर्वेद चिकित्सक बनकर समाज में सेवा देने जा रहे हैं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए विश्व आयुर्वेद परिषद इंदौर इकाई की ओर से दिनांक 29 अप्रैल 2018 को शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर में आयुर्वेद कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व कुलपति उत्तराखंड डॉ एस पी मिश्रा, विश्व आयुर्वेद परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर रामप्रताप सिंह राजपूत, विश्व आयुर्वेद परिषद के केंद्रीय सचिव डॉक्टर रामतीर्थ शर्मा, इंदौर शाखा के अध्यक्ष आर आर सोलंकी, शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर एस एस द्विवेदी, संभागीय आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर जगदीश पंचोली एवं डॉ अजीत पाल सिंह चौहान संयोजक जिला इंदौर उपस्थित रहे। प्रातः 9:00 बजे भगवान धन्वंतरि की वंदना से कार्यक्रम शुरू हुआ, प्रथम सत्र में सर्वप्रथम वक्ता डॉक्टर अखिलेश भार्गव विभागाध्यक्ष शल्य तंत्र इंदौर ने कैंसर के

घावो में आयुर्वेद औषधि के प्रभावों एवं कैंसर में आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभाव को बताया। तत्पश्चात डॉक्टर राम तीर्थ शर्मा ने मिथ्या आहार–विहार से उत्पन्न रोगों पर प्रकाश डाला एवं ऐसे रोगों की चिकित्सा भी बताई एवं विभिन्न रोगों में योगासनों का प्रत्यक्ष कर्म अभ्यास करवाया। प्रत्यक्ष कर्म अभ्यास में डॉक्टर अमित हाडिया, डॉक्टर दिनेश शर्मा, डॉ मनीष मुकाती उनके सहयोगी रहे। इस अवसर पर नस्य, धुम्रपान, जलोका अवचारन, मर्म चिकित्सा आदि का प्रत्यक्ष कर्म अभ्यास चिकित्सकों के सामने किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात डॉक्टर अनुज जैन ग्वालियर ने विभिन्न रोगों में अत्यायिक चिकित्सा पर प्रकाश डाला सकार्यक्रम के अंत में डॉक्टर सचिन चौहान के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

विश्व आयुर्वेद परिषद्, उत्तर प्रदेश की कार्य कारिणी बैठक लखनऊ में सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद् की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 29 अप्रैल 2018 को निराला नगर, लखनऊ में आयोजित की गई। उक्त बैठक में आयुर्वेद के समग्र उत्थान हेतु विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। जिनमें आयुर्वेद सेवाओं में नई नियुक्तियों हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ हेतु प्रयास किया जाय, बरेली में एक समारोह किये जाने का पूर्ण अनुमोदन किया गया। आयुर्वेद में प्रबन्धन पर एक कार्यशाला लखनऊ में प्रान्त अध यक्ष डॉ0 अजय दत्त शर्मा के निर्देशन में सुनिश्चित की गई तथा सभी जनपदों में परिषद् सदस्यों की संख्या विस्तार पर जोर दिया गया तथा संगठन के नये पदाधिकारियों की घोषणा की गई जो इस प्रकार है– 1. उत्तर प्रदेश के प्रसाद प्रमुख –डॉ0 वाचस्पति त्रिवेदी, लखनऊ; 2. उत्तर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रमुख – डॉ0 सी0एल0 उपाध्याय, अन्तर्रा; 3. अवध प्रान्त महासचिव – डॉ0 सुमित मिश्र, लखनऊ; 4. मेरठ प्रान्त– अध्यक्ष, डॉ0 संजीव सक्सेना, मुरादाबाद; व महासचिव– डॉ चन्द्रकूड़ मिश्र, मेरठ; 5. बृज प्रान्त– डॉ0 अतुल पाण्डेय, बरेली; व महासचिव– डॉ0 पुनित अग्निहोत्री; 6. गोरक्ष प्रान्त– अध्यक्ष, डॉ0 ज्वाला प्रसाद मिश्र, गोरखपुर; 7. कानपुर प्रान्त– अध्यक्ष, डॉ0 विभुकान्त, अतर्रा रहें।

''जीवन शैली गत रोग तथा इनका आयुर्वेद व पंचकर्म द्वारा प्रबंधन'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार, अलवर में सम्पन्न

जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट एवं विश्व आयुर्वेद परिषद् चिकित्सा प्रकोष्ठ जयपुर प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में''जीवनशैलीगत रोग एवं इनका आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा प्रबंधन'' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होटल निर्वाणा पैलेस, अलवर में 6 मई 2018, रविवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र (भू.पू. कुलाधिपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून, उत्तराखण्ड), विशिष्ट अतिथि डॉ0 रामतीर्थ शर्मा (राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी, विश्व आयुर्वेद परिषद्), डॉ0 देवेन्द्र सिंह चाहर (असिसटेंट प्रोफेसर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर) डॉ0 सुनील यादव (असिसटेंट प्रोफेसर, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर) तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 गोविन्द शुक्ला (सदस्य, भारतीय चिकित्सा परिषद्, भारत सरकार) ने की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ0 अभिषेक गुप्ता एवं डॉ0 रामतीर्थ शर्मा द्वारा जीवन–शैलीगत विकारों (रीनल फेल्योर, डायबिटीज, रक्तचाप विकार) के आयुर्वेद प्रबन्धन एवं डॉ0 एस0के0राय (पंचकर्म विशेषज्ञ)

द्वारा विभिन्न रोगों में आयुर्वेद पंचकर्म के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में देश भर के लगभग 150 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विश्व आयुर्वेद परिषद् की प्रान्तीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 गोविन्द शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में ''महिला स्वास्थ्य'' विषय पर कार्यक्रम वाराणसी में सम्पन्न

दिनांक 8/3/2018 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के धन्वन्तरी सभागार में विश्व आयुर्वेद परिषद्, स्वराष्ट्र जयते एवं काशिका शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में महिला स्वास्थ्य'' विषय पर निरंतर स्वास्थ्य शिक्षा (CME) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो0 कुसुमलता केडिया, विशिष्ट अतिथि, प्रो0 विधु द्विवेदी तथा अध्यक्षता प्रो0 वाय0बी0 त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम में महिला स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता, उपाय एवं उपचार विषयों पर चर्चा की गई। डॉ0 मल्लिका तिवारी, कैंसर विशेषज्ञ, बी0एच0यू0 ने महिलाओं में कैंसर, निदान एवं बचाव विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। महिलाओं में मनोसामाजिक स्वास्थ्य विषय पर डॉ0 पूर्णिमा ने अपना विचार प्रस्तुत किये। महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं के विविध आयाम तथा सुरक्षित मातृत्व पर डॉ0 सुनिता सुमन तथा डॉ0 अंजना सक्सेना ने चर्चा की। गर्भावस्था तथा सूतिका परिचर्या पर प्रो0 निलय ने मार्गदर्शन दिया। डॉ0 प्रियदर्शनी तिवारी कार्यक्रम के सचीव के रूप में उपस्थित रहीं।

'Herbal Treasure Hunt' will be organised by VAP & NASYA

In an unique initiative National Ayurveda Students and Youth Association (NASYA) in collaboration with Vishwa Avurveda Parishad (VAP)-WB, National Pharmaceutical Consultancy Service (NPCl)- WB and Independent Research Ethics Society is organising "Herbal Treasure Hunt', a seven-day Long competition where avurvedic doctors and students have to capture selfies with minimum 55 herbs and plants and then send them with their local names, Latin names and medicinal usage as a part of an awareness campaign.

NASYA and VAP members are eligible to take part in the programme, There will be six prizes, which will be distributed among the participants who will be able to capture maximum number of selfies with the plants. The main purpose of the event is to make the people aware about the plants and herbs and their usage. This programme will help increase knowledge of every individual. The competition will start from 7 May and last till 13 May, during which the candidates will have to capture the selfies. The competition will be conducted across the country from Monday, The candidate who will be able to capture maximum number of selfies with the plants and correctly send their names will be warded the first prize. Independent Research Ethics Society (IRES) has conceptualized the competition to enable the young and dynamic Avurvedic doctors to identify medicinal plants. Dr Pawan Kumar Sharma president of IRES said: We hope that the programme will be huge success. This will help the students to acquire knowledge about the plants and trees.